दिन– रविवार                                                    दिनांक– 22 / 06 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।                                           अवधिः– 15 मिनट

---

01. राज्य सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के बाद जीविका स्वयं सहायता समूहों के लिए तीन लाख से अधिक के ऋण पर ब्याज दर कम किया।

02. फल्गु नदी में उफान के कारण नालंदा और जहानाबाद में तटबंध क्षतिग्रस्त। जल संसाधन विभाग ने सात अभियंताओं को निलंबित किया।

03. मौसम विभाग ने आज पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, किशनगंज, अररिया, भागलपुर, बांका और कटिहार जिले में कई स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है।

04. और, मेडल लाओ, नौकरी पाओ के तहत अगले महीने अट्ठासी और खिलाड़ियों को नौकरी मिलेगी।

---

राज्य सरकार ने कहा है कि जीविका परियोजना से जुड़े स्वयं सहायता समूहों को तीन लाख रूपये से ज्यादा के बैंक ऋण पर अब सिर्फ सात प्रतिशत ब्याज देना होगा। इसकी जानकारी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दी। अभी ब्याज की यह दर दस प्रतिशत है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिला संवाद कार्यक्रम की समीक्षा बैठक के दौरान महिला कल्याण से जुड़ी चार अन्य घोषणाएं की। मुख्यमंत्री ने कहा कि लड़कियों के विवाह कार्यक्रम आयोजन में सुविधा के लिए हर पंचायत में विवाह भवन बनाया जायेगा, जिसका संचालन जीविका दीदी करेंगी। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री जीविका से जुड़े सभी कर्मियों का मानदेय दोगुना करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि दीदी की रसोई का संचालन प्रखंड स्तर तक के सरकारी संस्थानों में किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जाति आधारित गणना के आधार पर चिन्हित चौरानवे लाख गरीब परिवारों को अब एक साथ पूरी रकम दी जायेगी। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर दो लाख रूपये की सहायता राशि में वृद्धि की जा सकती है।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़ी पेंशन योजनाओं में बढ़ोतरी की। सरकार ने वृद्धजनों, दिव्यांगजनों और विधवाओं के लिए सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि में बढ़ोतरी की है। वर्तमान चार सौ रूपये की जगह अब पेंशन राशि के तौर पर ग्यारह सौ रूपयें दिया जायेगा। बढ़ी हुई राशि का भुगतान इस महीने की ग्यारह तारीख से प्रभावी माना जायेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया पर एक ट्वीट के माध्यम से यह जानकारी साझा की है। श्री कुमार ने कहा कि वृद्धजनों को सम्मान देना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस दिशा में राज्य सरकार निरंतर

प्रयत्नशील है। इस फैसले का समाज के सभी वर्गों के लोगों ने स्वागत किया है। विभिन्न संगठनों ने भी इसका स्वागत किया है।

———बाइट———

---

जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल ने कहा है कि अठारह जून से झारखंड में हो रही लगातार बारिश से निरंजना, मुहाने, उत्तर कोयल, सकरी, पंचाने आदि नदियों के जलस्तर में अत्यधिक वृद्धि दर्ज की गयी है। संभावित बाढ़ की आशंका को देखते हुये निचले इलाकों में रहने वालों लोगों को सतर्क कर दिया गया है। इधर, आपदा प्रबंधन विभाग ने फल्गु नदी के जलस्तर में वृद्धि होने के बाद जहानाबाद के उदेरास्थान बराज से तिहत्तर हजार क्यूसेक से अधिक पानी छोड़ा गया है। जिसके कारण नालंदा जिले के हिलसा, करायपशुराय और एकंगरसराय प्रखंड में कई जगहों पर तटबंधों में कटाव के कारण आस–पास के गांवों में बाढ़ का पानी फैल गया है। इस बीच, राहत और बचाओ कार्य के लिए एनडीआरएफ की दो टीमों की तैनाती की गयी है। पटना जिले में भी दनियावां और फतुहा प्रखंड में बरसाती नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी से निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैल गया है। जिलाधिकारी डॉ त्यागराजन ने प्रभावित इलाकों का दौरा किया और लोगों को सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए।

---

राज्य सरकार ने पटना, जहानाबाद और नालंदा जिले की नदियों के तटबंध की निगरानी में लापरवाही बरतने वाले सात अभियंताओं को निलंबित कर दिया है। इसमें एक कार्यपालक अभियंता और छह कनीय अभियंता शामिल है। जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने बताया कि इनके खिलाफ विभागी कार्रवाई भी शुरू कर दी गयी है।

---

प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर मानसून की सक्रियता से अच्छी बारिश हो रही है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार गया, औरंगाबाद, कैमूर, रोहतास, किशनगंज, अररिया, पूर्णियां समेत कई जिलों में तेज बारिश दर्ज की गई है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के अनुसार आज पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, किशनगंज, अररिया, भागलपुर, बांका और कटिहार जिले में कई स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है।

———मौसम———

---

राज्य सरकार ने कहा है कि सरकारी स्कूलों में स्थानांतरण के बाद योगदान नहीं देने वाले शिक्षक एक वर्ष तक ऐच्छिक स्थानांतरण के लिए आवेदन नहीं कर

सकेंगे। प्राथमिक शिक्षा निदेशक साहिला ने इस संबंध में निर्देश जारी किया है। जारी निर्देश में कहा गया है कि ऐसे शिक्षक अपने वर्तमान विद्यालय में बने रहेंगे। विभाग ने कहा है कि स्थानांतरण आदेश के बाद योगदान करने या नहीं करने की कार्रवाई तीस जून तक पूरी करनी होगी। तीस जून तक इस संबंध में घोषणा नहीं करने वाले शिक्षकों का स्थानांतरण आदेश एक जुलाई से रद्द कर दिया जायेगा। आदेश में कहा गया है कि स्थानांतरित विद्यालयों में योगदान नहीं करने के इच्छुक शिक्षक इस ई–शिक्षा कोष पर उपलब्ध घोषणा पत्र की प्रति डाउनलोड कर हस्ताक्षर करेंगे और फिर इसे ई–शिक्षा कोष पोर्टल पर अपलोड कर देंगे।

---

राज्य निर्वाचन आयोग ने कहा है कि त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थानों के दो हजार छह सौ चौंतीस रिक्त पदों के लिए नौ जुलाई को उपचुनाव कराये जायेंगे, जबकि मतगणना ग्यारह जुलाई को होगी। आयोग की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि इन पदों पर नामांकन की अंतिम तिथि बीस जून थी। नामांकन पत्रों की जांच की अंतिम तिथि तेईस जून है। रिक्त पदों के लिए दो हजार आठ सौ छियानवे लोगों ने नामांकन पत्र भरा है। इनमें एक हजार चार सौ छियालीस पुरूष और एक हजार चार सौ पचास महिला उम्मीदवार हैं। आयोग ने कहा है कि शांतिपूर्ण और भयमुक्त चुनाव के लिए आयोग प्रतिबद्ध है।

---

बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवींद्रन शंकरण ने कहा है कि मेडल लाओ, नौकरी पाओ योजना के तहत खिलाडियों को अच्छी नौकरियां प्राप्त हुई हैं। श्री रवींद्रन ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में कहा कि राज्य की नयी खेल नीति के तहत इकहत्तर एथलीट पिछले वर्ष नौकरी पाये हैं और इस साल अट्ठासी खिलाड़ी क्वालीफाई हुए है और उन्हें नौकरी दी जायेगी।

———बाइट———

---

पूर्व अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरथ कमल ने कहा है कि पिछले एक दशक में सरकार से खिलाड़ियों को मिलने वाला सहयोग हर स्तर पर बढा है। इससे ओलिंपिक, एशियन गेम्स और अन्य खेलों में देश का प्रदर्शन अच्छा हुआ है। पटना में आकाशवाणी समाचार से बातचीत में कमल ने कहा कि ओलंपिक पोडियम टाप्स योजना, खेलो इंडिया गेम्स, प्रशिक्षण के साथ–साथ और अन्य सुविधाओं में बढोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के अलावा और राज्य सरकारों ने भी अच्छा काम किया है। उन्होंने बिहार, तमिलनाडु, गुजरात और अन्य सरकारों की तारीफ की।

———बाइट———

बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की ओर से सत्ताईस से उनतीस जून तक बिहार रिन्यूएबल एनर्जी एक्सपो दो हजार पच्चीस का आयोजन पटना में किया जा रहा है। बीआईए के सचिव अनिल कुमार सिन्हा ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य सौर ऊर्जा को प्रदेश में बढ़ावा देने के लिए सभी संबंधित पक्षों को एक मंच पर लाना है।

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने इनोवेटिव प्रोजेक्ट्स स्टार्ट–अप चैलेंज शुरू किया है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि इसका उद्देश्य भारत के रूफटॉप सौर और वितरित ऊर्जा पारिस्थितिकी तंत्र में तेजी लाना है।

———बाइट———

स्टार्ट–अप चौलेंज नवप्रवर्तकों और स्टार्टअप्स से आवेदन आमंत्रित करता है, जो चार प्रमुख श्रेणियों – सामर्थ्य, लचीलापन, समावेशिता और पर्यावरणीय स्थिरता पर ध्यान केंद्रित करता है। आवेदन स्टार्टअप इंडिया की वेबसाइट के माध्यम से जमा किए जा सकते हैं, इसकी अंतिम तिथि 20 अगस्त है। चयनित प्रवर्तक 2 करोड 30 लाख रुपये के कुल पुरस्कार पूल के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। इसमें प्रथम पुरस्कार के लिए 1 करोड़ रुपये, दूसरे पुरस्कार के लिए 50 लाख, तीसरे पुरस्कार के लिए 30 लाख और 5 लाख रुपये के 10 सांत्वना पुरस्कार शामिल हैं। विजेताओं को इनक्यूबेशन सहायता, पायलट कार्यान्वयन के अवसर और डोमेन विशेषज्ञों और निवेशकों से मार्गदर्शन भी मिलेगा। अमन की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से प्रशांत कुमार।

पटना में सीमा शुल्क के तत्कालीन अतिरिक्त आयुक्त रणविजय कुमार समेत उनतीस अन्य लोगों के खिलाफ दर्ज जीएसटी घोटाला मामले में सीबीआई ने बिहार और झारखंड में सात स्थानों पर छापेमारी की। सीबीआई ने पटना, पूर्णियां, नालंदा और जमशेदपुर में अलग–अलग स्थानों पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान सौ–सौ ग्राम सोने के सात छड़ें और आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद की है।

और, अब जिलों से प्राप्त संक्षिप्त समाचार......

शेखपुरा पुलिस ने शेखपुरा–जमुई राष्ट्रीय राजमार्ग तीन सौ तैंतीस–ए पर एक टैंकर से दो सौ कार्टन शराब के साथ चालक और उपचालक को गिरफ्तार किया है। एसपी बलराम कुमार चौधरी ने बताया कि जब्त शराब का मूल्य लगभग पच्चीस लाख रूपये है।

सीतामढ़ी जिले के सुरसंड थाना क्षेत्र की पुलिस ने एक चारपहिया वाहन से ग्यारह सौ बोतल शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन वृद्धि के खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान का शीर्षक है– सामाजिक सुरक्षा पेंशन ग्यारह सौ रूपये प्रति माह। जीविका दीदियों को सस्ते ब्याज दर पर लोन मिलेगा, मानदेय भी दोगुना।

दैनिक जागरण ने चुनाव आयोग के फैसले पर उठे विवाद पर लिखा है– चुनावी वीडियो, फुटेज पैंतालीस दिन में नष्ट करने पर मचा संग्राम।

दैनिक भास्कर ने योग दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हवाले से लिखा है– अशांति से जूझ रही दुनिया के लिए योग पॉज बटन।

प्रभात खबर ने अहमदाबाद विमान दुर्घटना पर सरकार के फैसले को सुर्खी बनाते हुये लिखा है– डीजीसीए सख्त, एयर डंडिया के तीन अधिकारियों को हटाने के निर्देश। राष्ट्रीय सहारा का शीर्षक है– ईरान के परमाणु अनुसंधान केन्द्र पर इजराईल के हमले, तीन वरिष्ठ कमांडरों की मौत। आज अखबार लिखता है– विधायकों की खरीद–फरोख्त मामले में ईओयू एक्टिव, इंजीनियर सुनील तलब।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. राज्य सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के बाद जीविका स्वयं सहायता समूहों के लिए तीन लाख से अधिक के ऋण पर ब्याज दर कम किया।

02. फल्गु नदी में उफान के कारण नालंदा और जहानाबाद में तटबंध क्षतिग्रस्त। जल संसाधन विभाग ने सात अभियंताओं को निलंबित किया।

03. मौसम विभाग ने आज पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, किशनगंज, अररिया, भागलपुर, बांका और कटिहार जिले में कई स्थानों पर भारी बारिश की संभावना।

04. और, मेडल लाओ, नौकरी पाओ के तहत अगले महीने अट्ठासी और खिलाड़ियों को नौकरी मिलेगी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।